तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 तसर पालन ने बदल दी जिंदगी, ग्राम सलोरा के किसान बने आत्मनिर्भर



## खबर संक्षेप

### अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत होंगे टीम के सदस्यः आशुतोष

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मिशन वरूण की सफलता के लिए मिशन में कार्यरत टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा है कि मिशन वरूण की ऐसी टीमों को जो अच्छा कार्य करेंगी, बेस्ट परफार्मेन्स देंगी तथा औसत एवं कुल जलकर की वसूली को लक्ष्य को प्राप्त करते हुए जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी, उन्हें निगम द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

### दोषियों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्यवाहीः मिश्रा

**कोरबा।** दीपका खदान के पास लगे सड़क किनारे ग्राम रेकी निवासी की 7 जनवरी को हुई मृत्यु के संदर्भ में प्रबंधन द्वारा गहरा शोक व्यक्त किया गया है। उक्त घटना का कारण वर्तमान में जांच के दायरे में है। एसईसीएल द्वारा आवश्यक प्रक्रिया के अनुसार डीजीएमएस की स्वतंत्र जांच टीम द्वारा विस्तृत जांच प्रारंभ कर दी गई है। एसईसीएल दीपका जीएम संजय कुमार मिश्रा ने कहा है कि प्रबंधन घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहा है। जांच के उपरांत यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा दोष पाया जाता है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आधार शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 26 मानस नगर आंगनबाड़ी केंद्र में डाक विभाग के द्वारा आधार शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। उक्त शिविर में आम नागरिक नया आधारकार्ड बनवा सकते हैं। पुराने आधारकार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार कार्य किया जाएगा एवं 5 से 15 वर्ष आयु वालों का निःशुल्क बायोमैट्रिक अपडेशन किया जाएगा। आम नागरिक आधारकार्ड में पता, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, नाम ईमेल आदि अपडेट करा सकते हैं।

### डॉग शो का आयोजन कल

**कोरबा।** केनाईन क्लब के द्वारा द्वितीय ऑल ब्रीड डॉग शो का आयोजन 11 जनवरी को घंटाघर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आसपास के पड़ोसी जिलों के बड़ी संख्या में डॉग लवर्स, ब्रिडर्स, हैंडलर्स आदि शामिल होंगे। इस शो में सभी नस्ल के कुत्तों को भाग लेने का मौका दिया जाएगा। जिसमें बेस्ट डॉग हैंडलर, बेस्ट चाईल्ड हैंडरल, बेस्ट फैशन शो सहित अन्य आकर्षक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। साथ ही पशु स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता के लिए निःशुल्क रैबिज टीकाकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### वर्ष 2016 के बाद हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य

**कोरबा।** शासन के निर्देशानुसार 29 जनवरी 2016 के बाद संपन्न हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जिन दंपतियों ने अब तक विवाह पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें शीघ्र ही यह प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है। विवाह पंजीयन के लिए आवेदक पति-पत्नी को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। संबंधित कार्यालय द्वारा बताया गया कि बिना पंजीयन के भविष्य में शासकीय योजनाओं, कानूनी कार्यों एवं अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में परेशानी हो सकती है। विवाह पंजीयन के लिए आधार कार्ड, अंकसूची, शादी का फोटो, शादी का कार्ड एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते विवाह पंजीयन कराकर कानूनी दायित्वों का निर्वहन करें और किसी भी प्रकार की परेशानी से बचें।

## युक्तियुक्तकरण के 6 माह के बाद भी शिक्षक नहीं कर रहे ज्वाइन, दो और हुए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

युक्तियुक्तकरण के बाद दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानांतरण होने के बाद भी स्कूलों में ज्वाईन नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही शुरु हो गई है। कल दो शिक्षकों को निलंबित करने के साथ अब तक 6 शिक्षक निलंबित किए जा चुके हैं और इतने ही शिक्षकों का वेतन रोका गया है। कुछ शिक्षकों को नोटिस भी जारी की जा रही है। ज्वाईन नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

बीते वर्ष जून माह में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की पदस्थापना के लिए लगभग एक सप्ताह तक काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके अंतर्गत प्राइमरी स्कूल से लेकर हायर सेकेण्डरी तक के शिक्षकों को शामिल किया गया। लगभग 2020 स्कूलों के शिक्षक इससे प्रभावित हुए। लगभग 6 सौ शिक्षकों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था जिन्हें नए स्कूलों में पदस्थापना दी गई थी। शिक्षकों को लेकर अपनायी गई प्रक्रिया में विवाद को देखते हुए अधिकांश शिक्षकों ने कोर्ट का सहारा लिया। ऐसे ही शिक्षकों ने कोर्ट का हवाला देकर अपनी पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाइनिंग नहीं दी। लगातार नोटिस के बावजूद ज्वाईन नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही करने के पूर्व कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर सभी को निलंबित कर दिया गया है। गुरुवार को जिन दो शिक्षकों को निलंबित किया गया उनमें मीडिल स्कूल हाईस्कूल के शिक्षक शामिल हैं। अब तक 6 शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही शुरु हो चुकी है और इतने ही शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है।

### ज्वाईन नहीं करने वाले शिक्षकों को ज्वाईन करने दी जा रही है नोटिस

**खास बातें**

- अब तक 6 शिक्षकों को किया जा चुका है निलंबित और रोका गया है वेतन
- जारी रहेगी कार्यवाही




**मानदेय शिक्षक संभाल रहे कमान**

युक्तियुक्तकरण के तहत जिन स्कूलों में शिक्षकों के द्वारा ज्वाइनिंग नहीं दी गई है उन स्कूलों में डीएमएफ से मानदेय के दर पर भर्ती किए गए मानदेय शिक्षकों के द्वारा शिक्षा व्यवस्था की कमान संभाली जा रही है। इनमें प्राइमरी स्कूल, मीडिल स्कूल, हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल जहां मानदेय शिक्षक पदस्थ किए गए हैं। हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल में मानदेय शिक्षक, विषय विशेषज्ञ पढ़ा रहे हैं। वहीं मीडिल स्कूल में भी मानदेय शिक्षक 5 पीरियड की पढ़ाई करा रहे हैं।

### कोर्ट के निर्देश के बाद शिक्षण संस्थानों में बढ़े सुरक्षा के प्रबंध

## आवारा मवेशियों से छात्रों को बचाने स्कूलों को बांस बल्ली का सहारा



बांस लगाकर स्कूल परिसर को किया गया सुरक्षित।



स्कूल परिसर में लगा ग्रीन नेट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आवारा कुत्तों के हमले से स्कूल के छात्रों के घायल होने पर कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद सुरक्षा के प्रबंध स्कूल प्रबंधकों द्वारा अपने स्तर किए जाने लगे हैं। शहर के स्कूलों में तो बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है किंतु ग्रामीण अंचल के कई स्कूल ऐसे हैं जहां आवारा मवेशियों व कुत्तों के हमले से छात्रों को बचाने के लिए बांस बल्ली से अहाता बनाकर सुरक्षा के प्रबंध करने पड़ रहे हैं। स्थायी सुरक्षा के प्रबंध का ग्रामीण अंचल के स्कूलों में खतरा मंडरा रहा है।

शिक्षण संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बाउंड्रीवाल अनिवार्य किए जाने के बाद भी कई स्थानों में बाउंड्रीवाल नजर नहीं आती और अगर कहीं है तो गेट गायब है। शहरी क्षेत्र के बालको उपनगरीय क्षेत्र की रिसदा प्राथमिक शाला की क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल के मरम्मत का काम अभी शुरु हुआ है। इसी तरह नगर निगम साकेत भवन से महज 200 मीटर की दूरी पर संचालित महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केंद्र में बाउंड्रीवाल तो है लेकिन गेट गायब है। इसी तरह भदरापारा मीडिल स्कूल में बाउंड्रीवाल और गेट दोनों है लेकिन गेट हमेशा खुला रहता है। जहां आवारा मवेशी प्रवेश कर जाते हैं। ये हाल शहरी क्षेत्र के स्कूलों का है। इसी तरह ग्रामीण अंचल के स्कूलों में तो बाउंड्रीवाल ही नहीं बने हैं। यहां खतरनाक जंगली जानवरों का हमेशा खतरा बना रहता है। डीएमएफ की एक बड़ी राशि स्वीकृत किए जाने के बावजूद भी स्कूलों में बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं किया गया है। कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला डोकरमना एवं पूर्व माध्यमिक शाला दोनों में बाउंड्रीवाल नहीं है। इन स्कूलों के शिक्षकों के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बांस बल्ली गाड़ कर लकड़ी का अहाता तैयार किया गया है। अस्थायी अहाता में जंगली जानवर एवं आवारा मवेशी प्रवेश कर जा रहे हैं। इसी तरह चिरईझुंझ प्राथमिक शाला की भी यही स्थिति नजर आती है। यहां शिक्षकों ने लकड़ी के बाउंड्रीवाल में ग्रीन नेट लगाया गया है।

**चुईया अजगरबहार की भी यही स्थिति**

चुईया और अजगरबहार में प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एक ही कैंपस में संचालित है जिसके चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण हुआ है। अजगरबहार हाईस्कूल दो ओर से खुला हुआ है जो ग्रामीणों के लिए आम रास्ता के उपयोग में आता है। यहीं से आवारा मवेशी स्कूल परिसर में पहुंच जाते हैं। इसी तरह चुईया में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला भी एक ही कैंपस में संचालित है। चारों ओर से खुला होने के कारण मवेशी पहुंच जाते हैं। समग्र विकास कार्यक्रम के तहत ग्रामीण अंचलों में छोटे छोटे निर्माण कार्यों के लिए राशि भी जारी हुई है लेकिन पंचायत के द्वारा स्कूल में सुरक्षा प्रबंध को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही है। इसी तरह शिक्षा विभाग ने भी प्रस्ताव भेजकर अपने कार्यों की इतिश्री कर ली है।

**विभाग तैयार कर रहा है बाउंड्रीवाल विहीन स्कूलों का आंकड़ा**

ग्रामीण अंचल में ऐसे कितने स्कूल हैं जहां बाउंड्रीवाल नहीं है। ऐसे स्कूलों की जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला शिक्षा विभाग के द्वारा ली जा रही है। डीएमएफ से जिन स्कूलों के नए भवन बनेंगे वहां बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने के लिए कार्य स्वीकृत किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर विकासखंड स्तर से जानकारी तैयार हो रही है।

**चल रहा है बाउंड्रीवाल का काम**

शहरी क्षेत्र के सभी स्कूलों में बाउंड्रीवाल का काम पूरा हो चुका है। जिन स्कूलों के बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त थे उनकी जगह नए बाउंड्रीवाल तैयार किए जा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों के ऐसे स्कूल जहां बाउंड्रीवाल नहीं हैं वहां कार्य स्वीकृत कराए गए हैं। बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाएगा।

\- **टी पी उपाध्याय**, डीईओ

## जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए बने 98 केंद्र, बैठेंगे 22 हजार से अधिक परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बोर्ड परीक्षाओं के तैयारियों के मद्देनजर शिक्षा विभाग के द्वारा तैयार की गई परीक्षाओं की जानकारी के अनुसार इस वर्ष 98 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 22 हजार 287 परीक्षार्थी परीक्षा दिलाएंगे। जिनके लिए प्रवेश पत्र का वितरण भी आने वाले समय में कर दिया जाएगा। 12वीं में बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या कम हो गई है।

बोर्ड परीक्षाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा सितंबर माह से परीक्षा फार्म भराए जाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई थी। जिले में परीक्षा केंद्रों के विस्तार को लेकर भी शिक्षा विभाग के द्वारा प्रस्ताव भेजे जाते रहे हैं। विभाग के प्रस्ताव पर प्रतिवर्ष 2 परीक्षा केंद्रों की स्वीकृति मिल रही है। इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में 12 हजार 771 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए हाईस्कूल परीक्षा के लिए 98 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा के लिए 9516 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है और इन परीक्षार्थियों के लिए 96 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 22 हजार 287 है। परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते दल का भी गठन किया जा रहा है। प्रत्येक ब्लॉक में एक उड़नदस्ता दल गठित होगा। जिले में 5 ब्लॉक हैं। ब्लॉकवार गठित 5 उड़नदस्ते दल के अलावा एक उड़नदस्ता दल जिला मुख्यालय में भी गठित किया जाएगा। सबसे अधिक परीक्षा केंद्र पोड़ी उपरोड़ा विकास केंद्र में बनाए गए हैं।

**खास बातें**

- विभाग के द्वारा भेजे गए परीक्षा केंद्रों के प्रस्ताव को मिली है स्वीकृति
- 10वीं में 98 व 12वीं में 96 केंद्र में होगी परीक्षाएं

## किशोरी की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 15 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। किशोरी की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम केराकछार का है जहां निवासरत परमशिला कंवर 15 वर्ष पिता समार सिंह कंवर की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने संभावना जताई है कि परमशिला कंवर संभवत जहर खाकर आत्महत्या की है। फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसने किसलिए और क्यों ऐसी घटना को अंजाम दिया है। परिजन भी नहीं बता पा रहे हैं कि उसने जहर खाया है या फिर उसकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## जिले में अब तक किसानों से 16 लाख क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 9 जनवरी शाम 5.30 बजे तक की स्थिति में 1637968.80 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। कोरबा जिले में अब तक 1084776 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो।

## ठेका श्रमिक की मौत, एक साल बाद सुपरवाइजर के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग एक साल पूर्व साईलो गेवरा में काम करने के दौरान एक ठेका कर्मी के उपर लोहे का प्लेट गिर गया था, जिससे ठेका कर्मी की मौत हो गई थी। इस मामले में जांच उपरांत लापरवाह ठेका कंपनी के सुपरवाईजर के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत विरेंद्र मरार 15 अक्टूबर 2024 को साईलो गेवरा में वेल्डिंग का काम कर रहा था कि 10:30 बजे लगभग उपर से लोहे का प्लेट विरेन्द्र मरार के उपर गिरा जिससे विरेन्द्र मरार के सिर में चोट लगा जिसे ईलाज हेतु जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती किया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने साईलो गेवरा में वेलडिंग ठेकेदार सुब्रमनियम के अंतर्गत पीटी ठेका में सुपरवाईजर कार्तिक राम सूर्यवंशी के द्वारा बिना किसी सेफ्टी के वेलडिंग का काम कराया जा रहा था जिसके कारण मृतक विरेन्द्र मरार के उपर लोहे का प्लेट उपर से गिरने के कारण सिर में चोंट लगने से मौत हुई थी। पुलिस ने इसम मामले में लापरवाही बरतने वाले पेटी ठेकेदार के सुपरवाईजर कार्तिकराम सूर्यवंशी के विरुद्ध 106 (1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

### एसडीएम को ज्ञापन की जल्द कार्रवाई की मांग

## जुराली मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों का संघर्ष जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुराली के ग्रामीणों को आज भी मुक्तिधाम तक जाने के रास्ते की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर वार्ड क्रमांक 13 जुराली के पार्षद आत्मानारायण पटेल के नेतृत्व में वार्डवासियों ने आज कटघोरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम जुराली स्थित मुक्तिधाम तक जाने वाला मार्ग नवीन पुल निर्माण के दौरान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से आज तक इस मार्ग का पुनर्निर्माण नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से अंतिम संस्कार जैसे अत्यंत संवेदनशील और आवश्यक कार्यों के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। बताया गया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका परिषद कटघोरा एवं जिला प्रशासन को कई बार निवेदन किया जा चुका है। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग के निर्माण कार्य को दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के माध्यम से कराए जाने हेतु पत्राचार भी किया गया था। इसके बावजूद हैरानी की बात यह है कि अब तक इस दिशा में कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब और क्षतिग्रस्त रास्ते के कारण शवयात्रा निकालना अत्यंत कठिन हो जाता है, जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक दोनों तरह की पीड़ा सहनी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुक्तिधाम तक जाने वाले मार्ग का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी परिवार को इस तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। ज्ञापन सौंपते समय ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मानवीय और आवश्यक मुद्दे पर जल्द सकारात्मक कदम उठाएगा।

## पर्यावरण मंजूरी के लिए अब भूमि अधिग्रहण प्रमाण अनिवार्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गैर-कोयला खनन परियोजना के विकासकर्ताओं को अब पर्यावरण मंजूरी के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस नियम पर अब तक मंत्रालय को भूमि अधिग्रहण का प्रमाण चाहिए होता था। हालांकि पुनर्विचार किया गया क्योंकि यह अनुरोध किया गया था कि गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए पर्यावरण मंजूरी प्रदान करते समय भूस्वामियों की सहमति पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए और भूमि अधिग्रहण की स्थिति को मंजूरी प्रदान करने से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। पर्यावरण मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन में कहा गया कि मामले को गैर कोयला खनन विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) के विचारार्थ भेजा गया था। विचार-विमर्श के बाद क्षेत्रीय ईएसी ने पाया कि गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए ईसी प्रदान करते समय भूस्वामियों से सहमति को अलग करने का अनुरोध उचित प्रतीत होता है और इसे स्वीकार किया जा सकता है।

**खास बात**

- गैर कोयला खनन परियोजनाओं को मिली राहत

## खबर संक्षेप

### व्यापारी से 50 हजार की ठगी, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** व्यापार विहार इलाके के सुमंगला अपार्टमेंट में रहने वाले 60 वर्षीय बुजुर्ग से 50 हजार की राशि की ऑनलाइन ठगी की गई है। तारबहार पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। तारबहार पुलिस के अनुसार सुमंगला अपार्टमेंट में रहने वाले जुगल किशोर मुंदड़ा ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी की शाम उनके मोबाइल नंबर में 50 हजार की राशि डेबिट होने का मैसेज प्राप्त हुआ। उन्हें रूपए निकाले जाने की जानकारी मिली। दूसरे दिन उन्होंने अपने बैंक से संपर्क किया इस दौरान उन्हें ऑनलाइन के माध्यम से रूपए कटने की जानकारी मिली, जिसके बाद बुजुर्ग ने तारबहार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### चेकिंग के दौरान बाइक सवार ने जवान को रौंदा

**बिलासपुर।** चकरभाठा थाना क्षेत्र के हिर्री माइंस के पास वाहन चेकिंग के लिए पुलिस के जवान लगे थे। इस दौरान जवान श्रीकांत मिश्रा बिना हेलमेट के बाइक चला रहे लोगों को बाइक रोकने की हिदायद दे रहे थे। इस दौरान तेज और लापरवाहीपूर्वक बाइक सवार ने उन्हें रौंद दिया। दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई, पुलिस कर्मियों ने घायल जवान को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल मामले में जुर्म दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस के अनुसार घायल जवान श्रीकांत मिश्रा बिना हेलमेट के बाइक सवार को सड़क पर रोक चालानी कार्रवाई में मदद करने की हिदायद दे रहे थे। इस दौरान अज्ञात बाइक सवार तेजी से आया और उसे रोकने के दौरान श्रीकांत पर ही बाइक चढ़ा दी। जिससे जवान श्रीकांत का पैर बाइक के चक्कों में फंस गया। हादसे में घायल जवान को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल के ठीक होने के बाद जुर्म दर्ज कर बाइक सवार पर कार्रवाई की जाएगी।

### आटो चालक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** सरकंडा अरविंद नगर के पास घर जा रहे बुजुर्ग को आटो चालक ने टोकर मार दी। हादसे में घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। बुजुर्ग के नाती विनय कुमार ने सरकंडा थाने में आटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवम होम्स कालोनी में रहने वाले विनय कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके नाना घनश्याम प्रसाद निर्मलकर अपने घर अरविंद नगर सरकंडा जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार आटो क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 3398 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए बुजुर्ग को ठोकर मार दी। जिससे बुजुर्ग को गंभीर चोट आई है और उन्हें प्रताप चौक स्थित केयर एवं क्योर अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** कमजोर और गंभीर हालत में 2 जनवरी को भर्ती कराए गए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर युवक के परिजनों की तलाश कर रही है। मामला तारबहार थाना का है। मामले के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास स्थित सांई मंदिर के सामने बीतने कुछ दिनों से एक युवक काफी गंभीर हालत में रह रहा था, उसकी हालत खराब थी, आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी डायल 108 को दी। पुलिसकर्मियों ने 2 जनवरी को उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया था, गुरूवार को युवक की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार इलाज के दौरान युवक ने अपना नाम मनोज कुमार विश्वकर्मा पिता गांधी विश्वकर्मा उम्र 30 साल बताया था, वह जैतपुर शहडोल का रहने वाला था और कई सालों से रेलवे क्षेत्र में रह रहा था और भीख मांग कर गुजर बसर करता था। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शहडोल पुलिस ने युवक के संबंध में जानकारी मांगी है, लेकिन अबतक कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आम लोगों से युवक के परिचय को लेकर पतासाजी करने की अपील की है और इस संबंध में जानकारी मिलने पर तारबहार थाना से संपर्क किया जा सकता है।

---

**आनलाइन टैक्स व्यवस्था दुरुस्त करने फिर कवायद** | **पहले पोर्टल में पेमेंट में कई समस्याएं सामने आ रहीं थीं**

# पोर्टल पर प्रापर्टी आईडी या नाम अथवा वार्ड नंबर की एंट्री करनी होगी

**बिलासपुर।** आनलाइन टैक्स की व्यवस्था को दुरुस्त करने निगम ने एक बार फिर कवायद की है। निगम का दावा है कि उसके द्वारा तैयार किए गए पोर्टल https: // nigambilaspur. com /ptis/ पर क्लिक करके अपने बकाया टैक्स का भुगतान कर सकते हैं।

दरअसल निगम ने इससे पहले जो एप तो लांच किया है, लेकिन उससे पेमेंट में कई समस्याएं सामने आ रहीं थीं। कुल एक लाख 30 हजार लोगों में से पिछले साल सिर्फ 34 हजार लोगों ने ही इस सुविधा को अपनाया था जो कि सिर्फ 27 प्रतिशत ही है। पांच साल पहले हुए इस आनलाइन सुविधा की जगह आज भी लोग ऑफलाइन यानी निगम दफ्तर जाकर ही टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। वेबसाइट, यूपीआई और ऑनलाइन भुगतान के




अलग-अलग विकल्प के बावजूद लोग मार्च यानी साल के आखिरी दिनों में निगम दफ्तर जाकर कतार में खड़े होते हैं।

अब निगम ने कहा है कि करदाता को पोर्टल https:// nigambilaspur .com /ptis/ में अपनी प्रापर्टी आईडी या नाम अथवा वार्ड नंबर की एंट्री करनी होगी। जिसके बाद उसकी प्रापर्टी और टैक्स की पूरी डिटेल आ जाएगी, जिसे आनलाइन जमा करने के बाद उन्हें पावती पीडीएफ के रूप में मिलेगी,जिसे वें प्रिंट करा सकेंगे या डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख सकेंगे। निगम ने कहा है कि पोर्टल के ज़रिए पेमेंट प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके अलावा इसके लिए निगम एक विशेष वॉट्सऐप नंबर 91 88157 82574 है। उस नंबर को मोबाइल में सेव करने के बाद केवल 'हाथ' या 'नमस्ते' लिखकर मैसेज भेजना होगा। इसके जवाब में ऑटोमेटेड रिप्लाई आएगा, जिसमें विभिन्न सेवाओं की सूची होगी।

नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार विकल्प चुनकर प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। यह चैटबॉट एआई और मेटा की तर्ज पर काम करता है।

### शहर में एक लाख 30 हजार करदाता

ज्ञात हो कि बिलासपुर निगम में संपत्तिकर भुगतान की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। संपत्तियों के सर्वे के बाद हर मकान की प्रॉपर्टी आईडी बनाई गई और लोगों की जानकारी ऑनलाइन अपडेट की गई। अभी भी बमुश्किल से 27 प्रतिशत के आसपास लोग ही ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर रहे हैं। यहां लोगों का कहना है कि संपत्तिकर की रसीद एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। लोगों को सालों से इसकी हार्ड कॉपी संभालकर रखने की आदत है। ऑनलाइन माध्यम में डिजिटल पावती मिलती है। यह गुम हो जाने पर दिक्कत होती है। इसलिए लोग अभी भी निगम दफ्तर जाना पसंद कर रहे हैं।

### हर सप्ताह होगी वसूली की मानिटरिंग

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने शुक्रवार को सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी लगभग ढाई महीने शेष है,जिसमें वसूली की शेष राशि को समय के पहले पूर्ण करें। निगम कमिश्नर ने कहा कि सभी जोन और आरआई का साप्ताहिक लक्ष्य किया जाएगा और राजस्व वसूली की समीक्षा हर सप्ताह की जाएगी। राजस्व वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी आरआई, एआरआई के लिए नया आईकार्ड बनवाने और उसे अनिवार्य रूप से पहनने के भी निर्देश दिए गए हैं।

---

**डेढ़ साल पहले बोदरी में 5 करोड़ में बनी थी एयरपोर्ट लिंक रोड**

# पाइप लाइन बिछाने खोद दी गई पूरी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा मेन मार्केट की भारी भीड़ में एयरपोर्ट जाने वालों का समय व्यर्थ न हो इसे ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा पांच करोड़ रूपए की लागत से बाईपास सड़क बनाई गई थी। इस सड़क को अभी बमुश्किल डेढ़ साल ही हुए हैं और पाईप लाईन डालने के नाम पर पूरी सड़क खोद दी गई। मजेदार बात यह है कि इस सड़क को खोदने के लिए लोक निर्माण से किसी तरह का एनओसी नहीं लिया गया है।

बिलासपुर-रायपुर मेन रोड पर हॉटल सेंट्रल पाईंट के ठीक बाजू से एयरपोर्ट लिंक रोड के नाम से एक सड़क बनाई गई थी, जो राधाकृष्ण मंदिर चकरभाठा के ठीक सामने निकाली गई थी। 4 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से अप्रैल 2024 में बनाई गई इस सड़क की हालत डेढ़ साल में ही दयनीय नजर आ रही है। पाईप लाईन बिछाने के नाम पर सड़क का एक हिस्सा पूरा का पूरा खोद दिया गया है। सवाल यह है कि अगर इस मार्ग पर पाईप लाईन बिछाना प्रस्तावित था तो सड़क का एक हिस्सा पहले ही नहीं बनाना था। दोनों ओर से अवरोधक लगाकर आम लोगों की आवाजाही पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाकर जेसीबी से खुदाई न केवल स्थानीय लोगों को परेशान कर रही है, बल्कि सरकार के करोड़ो रूपए की बर्बादी भी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि चकरभाठा मेनरोड पर मुख्य बाजार स्थित होने एवं वाहनों की भारी भीड़ इस मार्ग पर होने के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती थी।






जिससे एयरपोर्ट जाने वालों को निर्धारित समयावधि में पहुंचने में दिक्कत होती थी। इसे ध्यान में रखकर शासन द्वारा एक लिंक रोड बनाने का निर्णय लिया गया था, जो मुख्य बाजार के बाहर से गुजरती हो व बगैर किसी बाधा के एयरपोर्ट तक पहुंचने में मददगार हो। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क तो बना दी गई, लेकिन स्थानीय लोगों लंबे समय तक इसका लाभ मिल पाता इसके पहले ही खोद भी दी गई है।

### काफी चुनौतियों के बाद बनी थी सड़क

इस सड़क के निर्माण के दौरान काफी चुनौतियां आई थीं। चकरभाठा स्थित राधाकृष्ण मंदिर के सामने सड़क की शुरूआत से ही काफी अतिक्रमण था, जिसकी तोड़फोड़ को लेकर काफी दिक्कतें आई थीं। जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा बीच का वैकल्पिक रास्ता निकालते हुए आवश्यकतानुसार अतिक्रमण हटाकर सड़क का निर्माण कराया गया था। अभी इस सड़क का उपयोग करते डेढ़ साल भी नहीं हुआ है और इसकी दुर्गति होनी शुरू हो गई।

### दिया जाएगा नोटिस

नई सड़क है। अगर यहां किसी भी तरह का काम करना है तो पहले विधिवत एनओसी लेना पड़ेगा। सब इंजीनियरों से इस संबंध में जानकारी ले लेते हैं। अगर बगैर सूचना या जानकारी के सड़क खोदी गई है तो नोटिस जारी किया जाएगा।

**-सीएस विंध्यराज,**
ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

---

# कब्जा हटाकर 67 परिवारों को शिफ्ट किया गया इमलीभाठा



अतिक्रमण हटाता निगम का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा के इंदिरा विहार के पास कच्चा मकान बनाकर झुग्गी झोपड़ी में जीवन यापन करने वाले परिवारों को खुद का पक्का मकान मिल गया है,नगर निगम द्वारा आज 87 परिवारों का व्यावस्थापन इमलीभाठा स्थित पक्के मकान में किया गया है। इसके लिए इमलीभाटा में तीन ब्लॉक का नया आवास बनाया गया है। इस अभियान के साथ ही शहर की एक और बेशकीमती शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त हो गई है।

■ **बरसों से काबिज थे लोग**

दरअसल इंदिरा विहार के बाजू में बंधवापारा शुरू होने के पहले लगभग पौने दो एकड़ शासकीय जमीन में लोग अवैध रूप से कब्जा करके झुग्गी झोपड़ी बना लिए थे, जिसे बंसोड़ मोहल्ले के नाम से जाना जाता है। इन सभी परिवारों को झुग्गी झोपड़ी से निजात दिलाकर प्रशासन प्रधानमंत्री आवास में व्यवस्थापन किया जा रहा है। सड़क किनारे शासकीय जमीन में कब्जा करने से व्यवस्थित विकास और पानी निकासी में बहुत बड़ी बाधा थी। इन परिवारों को पक्का मकान मिलने से बहुत बड़ी राहत मिलेगी,बारिश और ठंड के मौसम में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगा और जीवन स्तर में बदलाव आएगा।

### मकान के लिए आबंटन पत्र जारी

इन परिवारों को सबसे पहले 13 सितंबर 2025 को नोटिस दिया गया था,जिसके बाद लगातार संपर्क कर और नोटिस के जरिए स्वयं से जमीन खाली करने और पीएम आवास में शिफ्ट के लिए तैयार किया गया। कार्रवाई के पूर्व ही इन परिवारों को आवास के लिए आबंटन पत्र जारी कर दिया गया था। बंसोड़ मोहल्ले के 87 परिवारों की शिफ्टिंग के बाद उनके द्वारा बनाए गए अवैध कच्चे मकान को निगम ने तोड़ दिया है।

---

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने सील की लॉज


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर में महामाया मंदिर के पास स्थित अतिथि लॉज को पुलिस ने शुक्रवार को सील कर दिया है। चेकिंग के दौरान पहुंची पुलिस ने लॉज में रूकने वाले लोगों की जानकारी मांगी, लेकिन इस दौरान रजिस्टर सही नहीं होने और आंगतुकों के परिचय पत्र और आधार कार्ड नहीं रखने के कारण लॉज पर कार्रवाई की है।

रतनपुर टीआई निलेश पांडेय ने बताया कि रतनपुर बस्ती में अतिथि लॉज है। रूटिन चेकिंग के लिए पुलिस लॉज में पहुंची थी, इस दौरान आने-जाने वालों का रिकार्ड खंगाला गया। मौके पर एक महिला और दो भाई-बहन मिले, इस संबंध में रिकार्ड मौजूद थे लेकिन पूर्व के दिनों में आए लोगों के आधार कार्ड और परिचय पत्र नहीं मिले हैं। साथ ही रजिस्टर भी ठीक तरह से मेंटेन नहीं किया गया था, यह गंभीर लापरवाही है। लॉज में लोगों से लिए जाने वाली राशि और रसीद भी नहीं मिली है। जिसके बाद संदिग्ध प्रतीत होने पर लॉज सील किया गया है।



शुक्रवार को रतनपुर में कार्रवाई करती पुलिस।



लॉज को किया गया सील।

### 3 साल पहले हुई थी शिकायत


जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि लॉज मालिक देव कुमार थवाईत हैं और 3 साल पहले स्थानीय लोगों के द्वारा लॉज में संदिग्ध गतिविधि होने की शिकायत की गई थी। इस बारे में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। सूत्रों के अनुसार लॉज को ओयो की तरह भी उपयोग किया जा रहा था, लेकिन पुलिस इस बारे में कहने से बच रही है।

---

# वीडियो वायरल की धमकी दे रहा था युवक, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएससी की कोचिंग कर रहे युवक ने पहले प्रेम जाल में फंसाकर युवती का फोटो और वीडियो बना लिया, इसके बाद ब्लैकमेलिंग कर उसे तंग करने लगा। युवती ने अपनी फरियाद पुलिस से की है, जिसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। मामला में अपराध दर्ज नहीं किया गया है।



■ **पहले प्रेम जाल में फंसाकर युवती का वीडियो बनाया**

सूत्रों के अनुसार सरकंडा में रहने वाला कृष्णा टेकाम उम्र 20 वर्ष पीएससी की पढ़ाई कर रहा है। इस दौरान उसने एक युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। दोनों एक दूसरे को पसंद भी करते थे, लेकिन इस दौरान निजी वीडियो और फोटो युवक के हाथ लग गई जिसके बाद वह युवती को गलत प्रयोजन से तंग करने लगा।

युवती ने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली थाने में की है, पुलिस ने शुक्रवार को युवक को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों एक साथ ही पीएससी की कोचिंग कर रहे थे, जहां उनकी नजदीकी बढ़ी थी लेकिन युवक ने युवती पर जबरिया दबाव डालकर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था।

---

# जुआ खेलते सात जुआरी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने लॉवर तालाब के पास रूपए के दांव लगाकर खेल रहे 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मस्तूरी थाना द्वारा की गई है।

■ **10 हजार रुपए जब्त**

पेट्रोलिंग पार्टी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि लॉवर तालाब के पास कुछ लोग 52 पत्ती ताश के सहारे रूपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। इस दौरान पुलिस ने बल लेकर घेराबंदी की और 7 जुआरी से 10100 रुपये नगद व 52 पत्ती ताश जब्त कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने सिरगिट्टी के लखेश्वर साहू पिता स्व. द्वारिका साहू उम्र 34 वर्ष, गोड़पारा निवासी देवेंद्र सोनी पिता लल्लू सोनी उम्र 52 वर्ष, अशोक नगर निवासी भरत जायसवाल पिता बिहारी जायसवाल उम्र 39 वर्ष, पोड़ी सिरगिट्टी निवासी रामकुमार केंवट पिता स्व. राजाराम केंवट उम्र 43 वर्ष, पोला राम पिता दुखीराम पाल उम्र 64 वर्ष, मस्तुरी निवासी फेकूराम साहू पिता दुलारी राम साहू उम्र 50 वर्ष, राजू साहू पिता महेश राम साहू 39 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

---

# कोपरा जलाशय को रामसर स्थल बनाने पर मना उत्सव

**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि कोपरा जलाशय जल संग्रहण का स्रोत नहीं है, बल्कि जैव विविधता का जीवंत केन्द्र भी है। यहां पाए जाने वाले प्रवासी पक्षी पर्यावरण संतुलन के प्रहरी हैं, जो कीट नियंत्रण, बीज प्रसार और प्राकृतिक शुद्धिकरण में अहम भूमिका निभाते हैं।

शुक्रवार को बिलासपुर वन मंडल के कोपरा जलाशय में बर्ड वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पॉन्ड मैन आफ इंडिया एवं बर्ड मैन आफ इंडिया के रामवीर तनवार विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जनसंपर्क के समय ही उन्हें कोपरा जलाशय की अद्वितीय जैव-विविधता और अंतरराष्ट्रीय महत्व का अनुभव हुआ था। उसी समय यह संकल्प लिया कि इस प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित कर वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी। जनता के आशीर्वाद से सांसद बनने के बाद उन्होंने इस दिशा में निरंतर प्रयास किए, जिनका प्रतिफल पूरे छत्तीसगढ़ को मिला है। कोपरा जलाशय को



रामसर स्थल का दर्जा दिलाने हेतु उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से कई बार मुलाकात कर इस विषय को प्राथमिकता से रखा। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी अरूण पाण्डेय, मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर मनोज कमार पाण्डेय, वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर धर्मजीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत कर जानकारी दी कि वर्ष 2002 में स्मृति वाटिका का निर्माण किया गया था, जो करीब 50 एकड़ के क्षेत्र में है। यह बहुत ही अच्छा जंगल है, जहां सभी वृक्ष सुरक्षित हैं। यहां आम व्यक्ति नहीं आ सकते हैं। इसके लिए चर्चा की गई है कि स्मृति वाटिका को विकसित किया जाए। एक साल में इसकी तस्वीर बदल जाएगी। यहां मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध कराने के साथ बेहतरीन आकर्षण का केन्द्र बनाया जाएगा।

---

# महिला को सुपुर्द किया 50 हजार रखा बैग

**बिलासपुर।** जीआरपी ने जनशताब्दी में सफर कर रही महिला यात्री के 50 हजार रुपए बैग की खोजबीन करने के बाद सुपुर्द कर दिया है।



जानकारी के अनुसार नर्मदा नगर मंगला चौक निवासी एआर पिल्ले 74 साल जनशताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। सफर के दौरान श्री पिल्ले अपना बैग कोच में भूल गए। उनका बैग ट्रेन में सफर कर रही रायगढ़ खरसिया निवासी सुमन खूंटे पिता परमानंद खूंटे 21 साल के बैग से बदल गया था। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने तत्काल खोजबीन करते हुए महिला और पुरुष यात्री को बैग सुपुर्द किया, जिसमें 50 हजार रुपए रखे हुए थे।

---

# दायित्व एक नया युग संस्था ने बच्चों का रक्त वर्ग परीक्षण किया

**बिलासपुर।** शुक्रवार को दायित्व एक नया युग नामक समाजसेवी संस्था ने सरस्वती शिशु मंदिर घुरू में बच्चों के रक्त की सैंपल लेकर बच्चों का रक्त वर्ग की जानकारी और सर्टिफिकेट प्रदान की। जिसे उपस्थित सभी माताओं के चेहरे पर एक प्रकार की खुशी की लहर दौड़ गई। सभी पालकों ने इस कार्यक्रम के लिए क्लब के संस्थापक एकता मलिक, डा. बरखा सिंह, आशीर्वाद ब्लड बैंक के केशव बंसल और उनके सहयोगी रोशनी एवं समाजसेवी परमिदर सिंह



का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुमार सूर्यवंशी, मंजू कश्यप, उर्मिला सूर्यवंशी, अनुराधा केनार, अंकिता सूर्यवंशी के साथ कुल 25 माताओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### जिला रेडक्रास सोसायटी ने अखबार वितरकों को दिए गरम जैकेट

**कोरबा।** हाड़-मांस कंपा देने वाली ठंड के कारण सामान्य जीवन जहां अस्त-व्यस्त हो गया है और लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है, ऐसे में सुबह 4 बजे उठकर अखबार वितरक घर से निकल कर 5 बजे से अखबार वितरण का काम प्रारंभ कर देते हैं। कड़कड़ाती ठंड में सुबह-सुबह अखबार वितरण का काम किसी चुनौती से कम नहीं। इसी कड़ी में जिला रेडक्रास सोसायटी के जिला अध्यक्ष एवं कोरबा के समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में अखबार वितरकों को गरम वस्त्र जैकेट प्रदान किए। इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन (पप्पु), वाईस चेयरमेन राजेन्द्र तिवारी, राहुल मोदी, अनिल अग्रवाल, मोहम्मद शफी, जफर अली, अखबार वितरक संघ जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदमसिंह चंदेल, अखबार वितरक संघ जिला सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, रायसिंह, रामा, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, कृष्णा निर्मलकर, दिलबाग, हर्ष नेताम, दिलीप यादव, ओंकार, दीपक, राहुल, यश, विजय, सोनू दास मानिकपुरी, बजरंगी यादव, रंजन, सुधीश, विलशन, अज्जू उपस्थित थे।

### बीडी बैष्णव बने जिला मिशन समन्वयक



**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा व्याख्याता बल्लभ दास बैष्णव को जिला मिशन समन्वयक के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला मिशन समन्वयक बनाए जाने पर संयुक्त शिक्षक संघ एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेल, जिलाध्यक्ष नित्यानंद यादव, संयोजक सादिक अंसारी, एवं प्रमुख पदाधिकारी अशोक कश्यप, विनय कुमार झा, विनय राय, घनश्याम भास्कर, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख श्रीमती किरण गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से जिला संयोजक जगदीश प्रसाद खरे, महासचिव ओपी बघेल, पूर्व संरक्षक प्यारेलाल चौधरी तथा पेंशनर फोरम से एसके द्विवेदी सहित विभिन्न शैक्षिक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


### ताम्रकार बने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य

**पाली।** नगर पंचायत पाली की राजनीति में सक्रिय



और लगातार 2015 से तीसरी बार पार्षद के रूप में जनसेवा कर रहे भाजपा नेता विष्णु ताम्रकार (सोना) को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी संगठनात्मक क्षमता और निरंतर सक्रियता को देखते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, छत्तीसगढ़ का प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर सोना ताम्रकार ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने विशेष रूप से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन कुमार साय, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी का हृदय से आभार माना है। अपनी नियुक्ति के बाद जारी बयान में सोना ताम्रकार ने कहा कि पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता पर जो अटूट विश्वास जताया है, मैं उस पर सदैव खरा उतरने हेतु प्रयासरत रहूंगा।

### कटघोरा विधायक व जिपं उपाध्यक्ष ने छात्राओं को किया साईकिल का वितरण



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हरदीबाजार में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कुल 26 नव प्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती निकिता जायसवाल उपाध्यक्ष जिला पंचायत, चुलेश्वर राठौर अध्यक्ष एसएमडीसी, नरेश टंडन विधायक प्रतिनिधि, मुकेश जायसवाल पूर्व सभापति जनपद पंचायत पाली, हीरालाल अहीर विधायक प्रतिनिधि, जगदीश अग्रवाल, भुनेश्वर राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### कन्हैया लाल जायसवाल



**कोरबा।** पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल के पिता कन्हैयालाल जायसवाल का शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 10 जनवरी को मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# पीएमजीएसवाय सड़कों के रख-रखाव, नवीनीकरण का हो रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिले में निर्मित, नवीनीकृत एवं संधारित सभी सड़कों का रख-रखाव नियमित रूप से और निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि में नवीन निर्माण के बाद संधारण अवधि में आने वाली कुल 25 सड़कें हैं। संधारण पखवाड़ा वर्ष 2023-24 के दौरान 270 सड़कों का संधारण कार्य पूर्ण किया गया है। वर्ष 2024-25 के संधारण पखवाड़ा में 95 सड़कों का संधारण पूरा किया जा चुका है। जिले की अन्य सड़कों पर संधारण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लिए नवीनीकरण हेतु सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिनमें से 65

### आठ सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए भेजा गया प्रस्ताव



सड़कों को स्वीकृति प्राप्त हुई। निरस्त सड़कों में से 9 सड़कों को वर्ष 2026-27 की प्राथमिकता सूची में पुनः प्रस्तावित किया गया है, जबकि शेष 8 सड़कों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के सुदृढ़ीकरण मद के अंतर्गत 444 सड़कों की सूची में सम्मिलित करते हुए उच्च कार्यालय से स्वीकृति के लिए भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। विभाग द्वारा संधारण अवधि में आने वाली सभी सड़कों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और आवश्यकतानुसार संधारण कार्य लगातार संचालित है। अमलडीहा से नवापारा सड़क का नवीनीकरण कार्य 31 जनवरी 2021 को पूरा हुआ था, जिसकी संधारण अवधि 31 जनवरी 2026 तक मान्य है। वर्तमान में इस सड़क पर संधारण कार्य जारी है। वहीं सोहागपुर से पटियापाली (सोहागपुर से मुकुन्दपुर) सड़क का नवीनीकरण कार्य 30 जून 2019 को पूरा हुआ था और इसकी संधारण अवधि 30 जून 2024 को समाप्त हो चुकी है। इस सड़क को अधीक्षण अभियंता, परियोजना मंडल बिलासपुर के पत्र 7 फरवरी 2025 के अनुसार विधिवत अधिपत्य में ले लिया गया है। कार्यपालन अभियंता परियोजना क्रियान्वयन इकाई कोरबा द्वारा बताया गया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिले की सभी सड़कों का रख-रखाव, नवीनीकरण एवं निरीक्षण कार्य पूरी तरह निर्धारित मानकों, प्रक्रियाओं और गुणवत्ता नियंत्रण के अनुरूप किया जा रहा है। विभाग द्वारा संधारण अवधि में आने वाली सभी सड़कों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है और जहां कार्य शेष है वहां कार्य प्रगति पर है या स्वीकृति की प्रतीक्षा में है।

### मिशन वरूण को मिल रही आशातीत सफलता, जलकर जमा करने आगे आ रहे लोग

# मिशन वरुण के तहत निगम ने की 35 लाख रूपये बकाया जलकर राशि की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बर्षों से बकाया जलकर की वसूली एवं जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए नगर निगम द्वारा संचालित किए जा रहे मिशन वरूण को आशातीत सफलता मिल रही है, एक ओर जहां लोग बर्षो से बकाया जलकर की राशि निगम में जमा करा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण एवं पानी के व्यर्थ बरबादी के प्रति जागरूक होकर जल के अपव्यय को रोक रहे हैं। मिशन वरुण संचालित कर निगम ने अब तक 35 लाख रूपये बकाया जलकर की राशि निगम कोष में जमा कराई है।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत सभी वार्ड व बस्तियों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति जलप्रदाय की विशाल संरचनात्मक ढांचे के माध्यम से प्रतिदिन दो बार की जा रही है तथा इसके लिए नियमानुसार जलकर की राशि आरोपित की गई है, किन्तु बर्षों से जलकर की वसूली नहीं हो पा रही थी। जिसके मद्देनजर निगम द्वारा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक अभिनव कदम उठाते हुए मिशन वरूण की शुरूआत विगत 14 नवम्बर 2025 को की गई। मिशन वरूण का प्रमुख उद्देश्य एक ओर जहां बर्षों से बकाया जलकर की राशि निगम कोष में जमा कराने का है। वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण व पानी की व्यर्थ बरबादी के प्रति लोगों के बीच जनजागरूकता लाकर जल के अपव्यय को रोकना भी है। निगम द्वारा संचालित किए जा रहे मिशन वरूण को आशातीत सफलता मिल रही है, जलकर के बकायादार व आमनागरिक जलकर की राशि को जमा कराने के लिए आगे आ रहे हैं। मिशन वरूण की टीम को अपना सहयोग दे रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी हो रहे है, पानी के अपव्यय को रोक रहे हैं। निगम के सहायक अभियंता जलप्रदाय राहुल मिश्रा ने बताया कि निगम द्वारा मिशन वरुण संचालित कर अब तक 35 लाख रूपये की बकाया जलकर राशि निगम कोष में जमा कराई जा चुकी है।

#### घर-घर पहुंच रही टीमें

मिशन वरूण टीम के सदस्य वार्ड एवं बस्तियों में पहुंचकर घर-घर दस्तक दे रहे हैं। आम लोगों को जल का संरक्षण करने, पानी का अपव्यय रोकने व निगम को देय जलकर का समय पर भुगतान करने आदि के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके साथ ही टीम के सदस्य घरों में पहुंचकर वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था है या नहीं, इसका भी सर्वे कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर घर के नलों में लगी हुई टोटियों, नल की स्थिति, पानी की पाईप लाईन आदि का परीक्षण करते हुए यह भी सुनिश्चित करा रहे हैं कि कहीं पर जल की अनावश्यक बरबादी तो नहीं हो रही, जहां कहीं भी अव्यवस्था दिखती है, उसे व्यवस्थित करने का कार्य भी साथ-साथ किया जा रहा है।

# विद्युत कंपनी में वर्क टू रूल के तहत विरोध प्रदर्शन जारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा कंपनी में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, संविदा मानदेय में वृद्धि, फ्रिंज बेनिफिट के तहत नियमित पेंशनर अधिकारियों कर्मचारियों को बिजली बिल में देय छूट को बंद करने और कर्मचारी हितैषी अन्य महत्वपूर्ण मांगों के प्रतिपूर्ति के लिए अनावश्यक लेट लतीफी और वादाखिलाफी के विरोध में 15 दिसंबर को प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों के कार्यपालक निदेशकों मुख्य अभियंता को चेयरमैन के नाम से ज्ञापन देते हुए 31 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर 11 फरवरी से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल की चेतावनी दी थी। विद्युत प्रबंधन के द्वारा उदासीनतापूर्ण रवैया दिखाते हुए अभी तक किसी प्रकार का सकारात्मक आदेश जारी नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ द्वारा बताया गया कि विद्युत प्रबंधन के इस अड़ियल रवैया और वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ के कर्मचारियों द्वारा द्वितीय चरण के तहत 1 जनवरी से 17 जनवरी तक सभी कार्यालयों में वर्क टू रूल के तहत कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। कर्मचारी हितैषी महत्वपूर्ण मांगों पर महासंघ एवं विद्युत प्रबंधन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय बैठकों पर बनी सहमति और लिखित आश्वाशन के अनुसार यदि कंपनी प्रबंधन के द्वारा शीघ्र आदेश जारी नहीं किया जाता है तो 11 फरवरी से महासंघ अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन पर जाने बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

# सीसीटीवी से कुसमुंडा आदर्श नगर की बढ़ेगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा के आदर्शन नगर कॉलोनी के प्रमुख चिन्हित स्थानों पर कैमरा लगाए जा रहे हैं, जिससे कॉलोनी की सुरक्षा मजबूत होगी। साथ ही असामाजिक गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा सकेगी। कॉलोनी परिसर में ही डीएव्ही, केवी स्कूल कुसमुंडा भी संचालित है।

#### खास बात

- असामाजिक गतिविधियों पर रखी जा सकेगी नजर
- चोरी की घटनाओं पर लगेगा अंकुश


सीसीटीवी कैमरा लगाते कर्मी।

एसईसीएल कुसमुंडा एरिया के आदर्श नगर व विकास नगर कॉलोनी में कर्मचारी परिवार सहित निवासरत हैं। पिछले साल कॉलोनी में रह रहे कर्मचारियों के घरों के आंगन में सुखाए जा रहे कपड़े की तो कभी घर के बाहर लगे बल्बों की चोरी की घटनाएं सामने आई। इससे कर्मचारियों को अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता सताने लगी थी। श्रमिक संगठनों की ओर से कॉलोनी की सुरक्षा के लिए हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गई, ताकि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान हो सके। एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन अब विभागीय कॉलोनियों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने सीसीटीवी कैमरा लगाने की पहल शुरू की है। आदर्श नगर कॉलोनी के चिन्हित प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। एसईसीएल कुसमुंडा में 3100 कर्मचारी काम करते हैं। इनमें से अधिकांश आदर्श नगर व विकास नगर की कॉलोनी में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ कोरबा-कुसमुंडा के महामंत्री रंजय सिंह ने कहा कि कॉलोनी परिसर की सुरक्षा के लिए बीएमएस संगठन ने एसईसीएल कुसमुंडा एरिया प्रबंधन के समक्ष सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की थी, इसे अमल में लाया गया है।

### किराना दुकान का शटर तोड़कर चोरी, नाबालिग समेत दो गिरफ्तार


**जांजगीर-चांपा।** नैला स्थित एक किराना दुकान का शटर तोड़कर नगदी समेत सामान की चोरी करने वाले नाबालिग समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नैला पुलिस चौकी से मिली



जानकारी के अनुसार 6 जनवरी की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नैला रोड स्थित महावीर किराना स्टोर्स दुकान से दुकान का शटर उठाकर नगद रकम व सामान चोरी कर ले गया है। संचालक की रिपोर्ट पर चौकी नैला में धारा 331(4),305(ए) भा.न्या.सं. कायम कर विवेचना में लिया गया। चोरी की प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरुका की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना जांजगीर के रात्रि गस्त अधिकारी से सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ लोग देर रात टोली बनाकर दुकान के शटर का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे । जिनको मुस्तदी एवं तत्परता से मौके से पकड़ा जिसको पूछताछ करने पर घटना दिनांक को रात्रि में नैला रोड स्थित महावीर किराना स्टोर्स दुकान से दुकान का शटर उठाकर दुकान से सिगरेट के डिब्बे, डियो और नगद रकम चोरी कर आपस में बांट लिये थे, जिसे बरामद किया जाकर मुख्य आरोपी स्वतंत्र यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### छवि राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दिखाएंगी प्रतिभा

**कोरबा।** राजनांदगांव में 11 से 15



जनवरी तक आयोजित होने वाली 17 वर्ष बालक-बालिका राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए कोरबा जिले की होनहार खिलाड़ी छवि तिवारी का राज्य स्तरीय टीम में चयन हुआ है। छवि तिवारी एमजीएम स्कूल बालको की कक्षा 11वीं की छात्रा हैं। उनके पिता ओम प्रकाश तिवारी, बालको कर्मचारी हैं, जबकि माता श्रीमती दीपज्योति तिवारी गृहिणी हैं। बचपन से ही छवि की बास्केटबॉल खेल में गहरी रुचि रही है, जिसका परिणाम आज राज्य टीम में चयन के रूप में सामने आया है। उनके इस चयन पर कोच हिरवस साहू (खेल एकेडमी, कोरबा) सहित जिला बास्केटबॉल संघ के समस्त पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के खिलाफ लोकसभा में निंदा प्रस्ताव की मांग




**कोरबा।** सीटू जिला समिति के आह्वाहन में सीटू कार्यकर्ताओं और परिवहन संघ ने वेनेजुएला पर अमरीकी हमले और राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंधक बनाये जाने की आलोचना करते हुए तानसेन चौक में प्रदर्शन सभा कर वेनेजुएला की जनता के साथ एकजुटता व्यक्त की और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नाम ज्ञापन सौंपकर अमरीका सरकार द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करने की घटना के खिलाफ लोकसभा में निंदा प्रस्ताव करने की मांग की। प्रदर्शकारियों को सम्बोधित करते हुए सीटू के राज्य अध्यक्ष कामरेड एस एन बैनर्जी ने कहा कि वेनेजुएला पर हमला सिर्फ उस देश की सम्पभूता पर हमला नहीं है। यह अमेरिकी सम्राज्यवाद की उस दादागिरी का हिस्सा है, जो तीसरी दुनिया के देशों की प्राकृतिक सम्पदा को हड़पने, विरोध करने और आपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाली निर्वाचित सरकारों को पदस्थ करने की साजिश का हिस्सा है। सीटू नेता ने कहा कि अमेरिका की निगाहें वेनेजुएला के तेल के भण्डारों पर है।

### ठंड से बचने अलाव का ले रहे सहारा

**हरदीबाजार।** ठंड से बचने शहर हो या गांव कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गर्म कपड़े के साथ आग का सहारा भी बहुत जरूरी है। हरदीबाजार में ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते हुए। इस दौरान जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, अभिषेक एवं प्रमोद उपस्थित थे।



### उत्कृष्ट कार्यों के लिए निगम के छोटे कर्मचारी हो रहे सम्मानित

# निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए हेमन्त, देवव्रत व बिहारी लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के सहायक ग्रेड सस हेमन्त कुमार गवेल, राजस्व उप निरीक्षक देवव्रत आदित्य एवं हेल्पर बिहारी लाल यादव को जनवरी माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि से 1 वर्ष पूर्व निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का



इन्हें चुना गया फेस ऑफ द मंथ

सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम के सहायक ग्रेड 2 हेमन्त कुमार गवेल, राजस्व उप निरीक्षक देवव्रत आदित्य एवं हेल्पर बिहारीलाल यादव को जनवरी माह हेतु निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है।

फेस आफ द मंथ चुने गए हेमन्त कुमार गवेल, देवव्रत आदित्य एवं बिहारीलाल यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि निगम प्रशासन ने हम लोगों के परिश्रम व कार्य के प्रति हमारी निष्ठा के लिए हमें जो सम्मान दिया है। उसके लिए हम निगम प्रशासन के प्रति दिल से आभारी हैं, उन्होंने कहा कि हम अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, हमें इससे यह प्रेरणा मिली है कि हम आगे और भी अधिक अच्छा कार्य करें, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहें। फेस आफ द मंथ चुने जाने की इस पहल से निगम के अधिकारी कर्मचारियों विशेषकर छोटे कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है तथा उनके बीच अच्छा कार्य करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है।

# मतदाता नोटिस से राशन-धान तक हर मोर्चे पर अव्यवस्था : राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि सरकारी अव्यवस्थाओं ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। प्रेस नोट जारी कर उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत कोरबा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में करीब 40 हजार मतदाताओं को नोटिस थमा दिए गए हैं। नतीजा मतदाता अपने ही अधिकार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

श्री राठौर ने कहा कोई बीएलओ खोज रहा है, कोई स्कूलों में पुरानी मतदाता सूची ढूंढ रहा है तो कोई तहसील में शपथ पत्र बनवाने की कतार में खड़ा है। वे स्वयं जिला कांग्रेस अध्यक्ष होने के साथ वार्ड पार्षद भी हैं, इसलिए रोज़ाना परेशान नागरिकों की लंबी फेहरिस्त उनके पास पहुंच रही है। यही हाल पूरे प्रदेश के जनप्रतिनिधियों का है जनता की पीड़ा सबको दिख रही है पर समाधान


मुकेश राठौर।

कहीं नहीं। उन्होंने आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान विकास स्थलों पर लगे उद्घाटन-भूमिपूजन की शिलापट्टिकाएं चुनावी आचार संहिता में ढक दी गईं, जो दो साल बाद भी नहीं खुलीं। इन पट्टिकाओं पर तत्कालीन मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर और पार्षदों के नाम दर्ज हैं। श्री राठौर ने कहा कि प्रदेश की जनता सेवा केंद्र, सुविधा केंद्र, चॉइस सेंटर, तहसील, धान खरीदी केंद्र, स्वास्थ्य, शिक्षा और वाहन विभाग के चक्कर काटने को मजबूर है। हजारों राशन कार्डधारियों को दिसंबर का राशन नहीं मिला क्योंकि केवाईसी अपडेट नहीं था। अब वही लोग महतारी राशन कार्ड लेकर चॉइस सेंटर और पोस्ट ऑफिस की लाइनों में घंटों खड़े हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा किसान मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी बने दुष्यंत



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। ग्राम पंचायत बोईदा के सक्रिय कार्यकर्ता दुष्यंत शर्मा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।दुष्यंत शर्मा की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष है। संगठन नेतृत्व ने उनके अब तक के कार्य, संगठनात्मक अनुभव एवं मीडिया क्षेत्र में सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।नियुक्ति के पश्चात दुष्यंत शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा किसान मोर्चा की नीतियों, योजनाओं एवं जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाएंगे। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दुष्यंत शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा की मीडिया गतिविधियाँ और अधिक सशक्त होंगी।

### कृषकों की सुविधा हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर 31 तक

**कोरबा।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्राद्यौगिकी विभाग द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन एवं विवरण संशोधन की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, किसानों के पंजीयन बाद विवरण संशोधन की सुविधा अब 31 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जनवरी तक अब किसान नाम, रकबा, फसल विवरण समेत अन्य त्रुटियों को तय समय-सीमा के भीतर ठीक करा सकेंगे। एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन के पश्चात विभिन्न किसानों द्वारा अपने विवरणों में संशोधन हेतु आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। इसी क्रम में शासन द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व विभाग के अधिकारियों/ पटवारियों द्वारा किसानों के विवरण का भौतिक सत्यापन किए जाने के उपरांत विवरण संशोधन की सुविधा 31 जनवरी तक सभी समितियों में समिति लॉगिन के माध्यम से जारी रखी जाए। इससे पात्र किसानों को अपने पंजीयन में त्रुटियों के सुधार का अवसर मिलेगा और वे शासन की विभ्भिन योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग छ.ग. शासन ने इस संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, सहकारिता विभाग सहित संबंधित सभी विभागों को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किए हैं।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, तथा संस्थाओं के प्राचार्यों/संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) हेतु अंतिम तिथि 15 जनवरी तक, संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लाक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की तिथि 5 फरवरी, शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा सेन्शन आर्डर लाक करने की तिथि 8 फरवरी, जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की तिथि 10 फरवरी और छात्रवृत्ति भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक निर्धारित की गई है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 15 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 15 जनवरी को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से 4 नियोजकों - .जिफ्सा कोरबा, .आईसेक्ट कोरबा, प्रमेरिका लाईफ इंश्योरेंस लिमि0 रायपुर, फिजिक्स वालाह कोरबा के द्वारा निम्नांकित पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रिक्तियों में जिफ्सा के पद - 42 पद, आईसेक्ट- .सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह-2 सेल्स रिप्रेन्टेटिव्ह-1 वासिंग परसन - 2 महिला, मैनेजर-1 टेक्निकल (मैकेनिकल)-2, प्रमेरिका- ऑफिसर परम - 15, फिजिक्स वालाह-कैरियर काउंसलर-5, टैली कॉलर- 5, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह-4 रिक्त पदो के लिए, आयुसीमा- 18 वर्ष से 45 वर्ष तक एवं योग्यता- 10वी, आई.टी.आई. स्नातक बी.एस.सी. साईंस कार्यस्थल - कोरबा वेतनमान रूपये - 10 हजार से 30 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों को रोजगार पंजीयन एवं ई.रोजगार पोर्टल में इच्छुक पदों पर ऑनलाईन अप्लाई किया जाना अनिवार्य है।

# तसर पालन ने बदल दी जिंदगी, ग्राम सलोरा के किसान बने आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के ग्राम सलोरा निवासी 57 वर्षीय किसान भरत राम केवट तसर रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक प्रेरक और सफल नाम बन चुके हैं। कृषि प्रधान तथा सीमित संसाधनों वाले परिवार में जन्मे श्री केवट ने कठिन परिस्थितियों के बीच अपनी मेहनत, लगन और वैज्ञानिक तकनीकों के सहारे आर्थिक स्थिरता प्राप्त की। आज तसर पालन उनके पूरे परिवार की आजीविका का सशक्त माध्यम है। परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटियाँ और दो बेटे शामिल हैं, जो सभी इस कार्य में सहयोग करते हैं।

श्री केवट को बचपन से ही तसर पालन का अनुभव मिलता रहा। उनके पिता प्रत्येक रविवार उन्हें जंगल ले जाकर तसर कीट पालन की बारीकियाँ सिखाते थे। उस समय परिवार के पास एक कच्चा मकान था और कृषि आय ही जीवन का प्रमुख साधन थी, लेकिन आर्थिक कठिनाइयाँ हमेशा सामने रहती थीं। वर्तमान में उनके पास 1 एकड़ भूमि है, जहाँ वे खरीफ में धान की खेती करते हैं। 1980 के दशक में उन्होंने केंद्रीय रेशम बोर्ड के रामपुर (अब चंपा) स्थित प्रशिक्षण केंद्र से तसर पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद वे निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेते रहे और रेशम बोर्ड द्वारा उपलब्ध सामग्रियों एवं बीज सहायता का लाभ उठाते रहे। उन्होंने तसर पालन की संपूर्ण प्रक्रिया में स्वच्छता, चूना-ब्लीचिंग, नियमित निगरानी और रोगग्रस्त लार्वा के सुरक्षित निपटान जैसी वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाया। लगभग 33 वर्षों के अनुभव ने उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले तसर कोकून उत्पादन में विशिष्ट पहचान दिलाई है। बीएसएमटीसी बिलासपुर से प्राप्त 145 डीएफएल पर उन्होंने 10,000 बीज कोकून और 600 गैर-बीज कोकून का उत्कृष्ट उत्पादन किया, जो सामान्य उत्पादन दर से कहीं अधिक है। भविष्य में वे अपने परिवार के सहयोग से 500 डीएफएल पालन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। तसर पालन से उन्हें वर्ष में दो फसलें प्राप्त होती हैं, जिससे लगभग ढाई लाख रुपए की वार्षिक आय होती है। इसी आय से उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित की, बेटों और बेटियों की शादियाँ कीं, तीन पक्के मकान बनाए, साइकिलें खरीदीं, बैलों की जोड़ी और दो तालाब विकसित कर अनुबंध आधारित मछली पालन भी शुरू किया। इस प्रकार तसर पालन ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया।

**वर्ष 1980 के दशक में केंद्रीय रेशम बोर्ड से लिया था प्रशिक्षण**

**खास बातें**

- 145 डीएफएल से 10 हजार बीज कोकून और 6 सौ गैर बीज कोकून का किया उत्कृष्ट उत्पादन



## कैदियों व जेल की सुरक्षा में हो रही परेशानी

# जिला जेल में लगे सौ सीसीटीवी कैमरे में से 49 कैमरे खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला जेल की सुरक्षा के लिए जेल प्रबंधन ने जेल के अंदर बाहर चारों तरफ चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरा लगाए हुए हैं लेकिन लंबे समय से मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से लगभग आधे सीसीटीवी कैमरे खराब हो चुके हैं। जिससे नया रिप्लेस करने के लिए जेल प्रबंधन ने मुख्यालय को पत्र लिखा है। जेल प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही सभी कैमरे को दुरुस्त किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से जिला जेल में क्षमता से अधिक या फिर उसके बराबर ही बंदी रहते हैं इसलिए जेल व कैदियों की सुरक्षा जेल प्रबंधन की भूमिका होती है। जेल में पहले ही पर्याप्त बल नहीं है ऐसे में जेल की सुरक्षा के लिए जिला जेल प्रबंधन ने जेल के अंदर बाहर विभिन्न स्थानों में चप्पे चप्पे पर लगभग सौ सीसीटीवी हाईटेक कैमरा लगा रखा है लेकिन बारिश के दिनों में आकाशी बिजली गिरने या फिर अन्य तकनीकी कारणों की वजह से सौ में से लगभग 49 सीसीटीवी कैमरा खराब हो चुका है। जिसकी वजह से जेल प्रबंधन को जेल व कैदियों की सुरक्षा करने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जेल प्रबंधन ने इन सभी कैदियों को दुरुस्त करने व नया रिप्लेस करने के लिए जेल मुख्यालय को पत्र लिखा है लेकिन अब तक मुख्यालय से सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध नहीं होने की वजह से लगभग 50 कैमरे के भरोसे ही जेल की सुरक्षा की जा रही है। बताया जाता है कि जेलर अपने कार्यालय से ही सीसीटीवी कैमरे से जेल के अंदर बैरक सहित आउटर सभी स्थानों में बैठे-बैठे ही निगरानी बड़ी आसानी से कर लेते हैं लेकिन कई स्थानों में कैमरे खराब होने की वजह से निगरानी करने में भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जेल प्रबंधन ने पत्र लिखकर मुख्यालय से जल्द ही कमरे को दुरुस्त करने की मांग की है। हालांकि जेल प्रबंधन का कहना है कि आने वाले दिनों में मुख्यालय में जैसे ही सीसीटीवी कैमरे मिलेंगे उन्हें रिप्लेस कर दुरुस्त कर लिया जाएगा। ज्यादातर स्थानों पर कैमरे सही है लेकिन जिन स्थानों में कैमरे की आवश्यकता महसूस की जा रही है, उन स्थानों के लिए मुख्यालय से कैमरे की डिमांड की गई है।

**खास बात**

- जेल प्रबंधन ने कैमरा रिप्लेश करने के लिए मुख्यालय को लिखा पत्र

**रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

जिला जेल कोरबा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 18 पुरुष बंदी व 4 महिला बंदियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसका विषय नशे से मुक्ति के तर्ज पर आयोजित था। उक्त रंगोलियों का निरीक्षण जिला विधिक प्राधिकरण सचिव कु डिम्पल ने किया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# दादी की मौत से क्षुब्ध पोते ने चार दिन बाद फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक वृद्ध महिला की मौत हो गई थी। दादी की मौत से क्षुब्द्ध होकर एक 17 वर्षीय किशोर ने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार और कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलसर निवासी देवनारायण की 70 वर्षीय मां रामायण बाई की 4 जनवरी को मौत हो गई थी। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था लेकिन रामायण बाई की मौत के बाद उसका 17 वर्षीय नाती गौतम पिछले कई दिनों से चुप रहता था और उसका रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। बताया जाता है कि गौतम ने गुरुवार की रात अपने घर के कमरे के म्यार में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह परिजनों को इसकी भनक लगी तो उनके होश उड़ गए और इसकी सूचना कोरबी चौकी पुलिस को दी। फांसी की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि गौतम अपनी दादी रामायण बाई की मौत से काफी क्षुब्ध था जिसके चलते उसने या आत्मघाती कदम उठाया है फिलहाल पुलिस मामले में पंचनामा जांच कर रही है।

**खास बात**

- कोरबी चौकी क्षेत्र के फुलसर की घटना शोक में डूबा परिवार

**नदी में डूबने से किशोरी की मौत**

कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोषरा निवासी बेलसरा की 12 वर्षीय पुत्री कुमारी मीना अपनी मौसी के साथ नहाने के लिए हसदेव नदी में गई हुई थी। जहां नहाने के दौरान कुमारी मीना गहरे पानी में चली गई और उसकी डूब जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से मीना का शव हसदेव नदी से बरामद कर लिया है और मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उन्नाव रेप केस के विरोध में कांग्रेस ने किया भाजपा का पुतला दहन




पुतला दहन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उन्नाव रेप केस 2017 के मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के निर्देश पर देश भर में जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। इसी तारतम्य में जिला महिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी के अगुवाई में ओपन थियेटर घंटाघर के पास महिला कांग्रेस ने भाजपा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि 8 वर्ष बाद इस मामले में नया मोड़ सामने आया है पीड़िता ने सनसनीखेज आरोप लगाया है कि जांच अधिकारी ने दुर्भावना और कपटपूर्ण तरीके से जांच किया है जिससे आरोपियों को लाभ मिल सके जो कि दुर्भाग्यजनक है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि इस मामले की मुख्य आरोपी भाजपा के पूर्व विधायक सेंगर के प्रभाव में आकर जांच अधिकारी ने जांच को कमजोर बनाया ताकि तथ्यों में हेरफेर का ओरापियों को लाभ मिल सके। जबकि पीड़िता एवं पीड़िता के परिवार कई वर्षों से इंसाफ की राह देख रहे हैं। श्रीमती द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता ने स्वयं बताया है कि अलग-अलग पक्षों से धमकियां दी जा रही है। कांग्रेस हमेशा से जनहित की लड़ाई में आगे रही है और हम आगे भी सड़क की लड़ाई लड़ेगें और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। नारी के सम्मान में कांग्रेस मैदान में तथा अत्याचारी को फांसी दो के नारे लगे। इस मौके पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, प्रदेश सचिव विकास सिंह, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, सुकसागर निर्मलकर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, आरिफ खान, पालुराम साहु, मनहरण राठौर, रामकुमार राठौर, जवाहर निर्मलकर, पवन विश्वकर्मा, परमानंद सिंह, माधुरी ध्रुव, शांता मंडावे, सीमा उपाध्याय, ममता अग्रवाल, पुष्पा पात्रे, संगीता श्रीवास्तव, दुर्गा सिंह, गीता महंत, टिंकी महंत, सकीला बेगम, आरफा बेगम, मीरा सिंह, मधुबाई पटेल, शांति मरावी, संगीता यादव, दुर्गा महंत, शारदा महंत, झलकुंवर ठाकुर, शालु पनरिया, रेवती पंडित, शायदा खान, लतानंद, सोनी कर्ष, नीरा देवी, गणेश दास महंत, कुजबिहारी साहु, सुनील निर्मलकर, विवेक श्रीवास, रिखीराम श्रीवास, घनश्याम कुमार, चुड़ावन दास, कमल किशोर, सतीश राठौर, अनिल कुमार, बनारसी यादव, अनवरा रजा, दावेन बेक सहित आदि उपस्थित थे।

# महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर सड़क पर सुगम हुआ आवागमन



किया जा रहा सड़क का मरम्मत कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बुधवारी बाजार स्थित महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर तक जीर्ण हुई सड़क का पेंच रिपेयर व डामरीकरण का कार्य कर निगम द्वारा सड़क का जीर्णोद्धार किया गया है, परिणाम स्वरूप उक्त सड़क मार्ग पर वर्षा ऋतु के दौरान हुए गड्ढे व उखड़ चुकी सड़क अब पुनः दुरूस्त हो चुकी है तथा मार्ग पर आवागमन सुगम हो गया है।

नगर निगम द्वारा बुधवारी बाजार महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर तक की सड़क की मरम्मत व डामरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि बारिश के दौरान महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क उखड़ गई थी व सड़क पर गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण वाहन चालकों व आमनागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में उक्त सड़क का डामरीकरण, पेंच रिपेयर व जीर्णोद्धार का कार्य निगम द्वारा कराया गया है, अब शहर की उक्त महत्वपूर्ण सड़क पुनः दुरूस्त हो गई है तथा सड़क में आवागमन सुगम हो गया है। इसी प्रकार शहर की अन्य सड़कों के जीर्णोद्धार, पेंच रिपेयर व डामरीकरण आदि के कार्य निगम द्वारा क्रमशः कराए जाएंगे।

# सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुढाली निवासी सूरज पिता रामशंकर तांबेकर उम्र 29 साल द्वारा ग्राम कड़ारी मे फेसबुक के माध्यम से महिला एवं बच्चों की अश्लील विडियो को सोशल मिडिया में अपलोड कर वायरल करने वरिष्ट कार्यालय के माध्यम से सायबर टीप लाईन क्रमांक 137055823 प्राप्त होने पर धारा 67 बी आई टी एक्ट 14(1) पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रफूल्ल कुमार ठाकूर, एएसपी पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा से आवश्यक दिशा निर्देश पर एक फरार आरोपी को उसके घर ग्राम मुढ़ाली से आरोपी सूरज पिता रामशंकर तांबेकर उम्र 29 साल निवासी मुढाली थाना हरदीबाजार जिला कोरबा के विरूध्द कार्यवाही करते हुये 8 जनवरी को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# दो मकानों में चोरों का धावा हजारों का माल पार, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की दो घटनाएं सामने आयी है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाईन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं. 19 डबरीपारा पथर्रीपारा निवासी चेतन श्रीवास पिता स्व सुन्दर लाल श्रीवास ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि चेतन श्रीवास 2 जनवरी को अपने परिवार के साथ ग्राम बिल्हा हिर्री गया था। इस बीच चारों ने सूनेपन का फायदा उठाते हुए चेतन श्रीवास के मकान में धावा बोला और घर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर के आलमारी से एक चांदी का पैर पट्टी, दो जोडी चांदी का बिछिया दो जोडी हाथ की अंगुठी, एक सोना का नथनी एवं 6 हजार रूपये नगद सहित कुल 25 हजार रुपए की चोरी कर लिये हैं। इसी तरह नकटीखा निवासी खगेश्वरी उराव उम्र 41 वर्ष पति रविन्द्र पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे अपने परिवार के साथ राताखार गये हुये थे। दूसरे दिन 7 जनवरी की सुबह लगभग 10 बजे घर आकर देखे तो घर का दरवाजा का कुंदी टूटा हुआ था घर अंदर जाकर देखे तो आलमारी में रखे पुराना इस्तेमाली सोने चांदी का 2 नग पायल चांदी की 1 नग सोने की कील, हाथ घड़ी-3 नग, चांदी के चेन, चांदी की अन्य सामान, कपडे (लहगा) एवं नगदी रकम 10 हजार रूपये कुल जुमला किमती लगभग 30 हजार रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 17 मार्च से 27 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411